सखी बूथ

उत्तराखण्ड के दुर्गम किन्तु मनोरम पर्वतीय क्षेत्रों में धैर्य, विवेक एवं सौंदर्य से परिपूर्ण पहाड़ की महिलाएं, जीवन के हर क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियां निभाती आई हैं। उत्तराखण्ड विधानसभा चुनाव कौथिग 2022 में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्थापित सखी बूथों में महिलाओं ने अभूतपूर्व योगदान दिया। प्रदेश के कुल 11697 बूथ में से 101 बूथ ''महिलाओं द्वारा संचालित मतदान केन्द्र'' स्थापित किये गए। निर्वाचन के विभिन्न प्रशिक्षणों में महिला मतदान दलों को EVM–VVPAT के संचालन, रख–रखाव, Mock Poll एवं सम्बन्धी प्रपत्रों आदि की जानकारी देकर उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया गया।

सुगम, समावेशी एवं सहभागितापूर्ण निर्वाचन करवाने का संकल्प लिए महिला मतदान कर्मियों की टोलियां, निर्वाचन सम्बन्धी समस्त सामग्री एवं EVM-VVPAT के साथ अपने–अपने बूथ की ओर रवाना हुई।

सभी सखी बूथ को सुरूचिपूर्ण एवं मनमोहक तरीके से सुसज्जित किया गया। साफ–सुथरे शौचालय, सजे हुए मतदान कक्ष, बच्चों के खेलने का निर्धारित स्थान, विश्राम कक्ष, गर्भवती व स्तनपान करवाने वाली माताओं के लिये अलग कक्ष की व्यवस्था, पीने का पानी एवं कोविड सम्बन्धी सभी नियमों के अन्तर्गत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई।

मतदाता निर्वाचन आयोग की इस पहल से संतुष्ट एवं प्रसन्न दिखे।

सखी बूथ का यह अभिनव प्रयास महिला सशक्तिकरण की नवीन गाथा के शुभारंभ का साक्षी बना।